CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

वर्ष- 28 अंक- 206 रायपुर, बुधवार 20 अगस्त 2025 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI

## साय कैबिनेट का विस्तार, 3 नये मंत्रियों को राज्यपाल ने दिलाई शपथ

# गजेन्द्र यादव, खुशवंत साहेब और राजेश अग्रवाल बनाए गए मंत्री

**रायपुर,** 20 अगस्त (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के इतिहास में पहली बार कैबिनेट में 14 मंत्री बने हैं. राजभवन में आज तीन विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली. राज्यापाल रमेन डेका ने उन्हें पद एवं गोपनियता की शपथ दिलाई. वहीं अब नवनियुक्त मंत्रियों को सीएम साय ने बधाई दी है. उन्होंने कहा कि सभी मंत्रीगण पूरी निष्ठा और लगन से जनता की सेवा कर विकास और सुशासन का सुनहरा अध्याय रचेंगे.

शपथ ग्रहण के कुछ ही घंटों के भीतर नए मंत्रियों के विभाग भी बंटवारा हो गया। राजेश अग्रवाल को पर्यटन-संस्कृति एवं धर्मस्व न्यास, गजेन्द्र यादव को स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग, विधि एवं विधायी तथा खुशवंत साहेब को कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार, अनुसूचित जाति एवं विकास मंत्री का दायित्व सौंपा गया है। वहीं विभागों मेंकुछ बदलाव भी हुए हैं। अब तक खेल मंत्री मंत्री टंकराम वर्मा से लेकर उपमुख्यमंत्री अरुण साव को दे दिया गया है। इसी तरह अरुण साव से विधि एवं विधायी विभाग को लेकर नए मतंत्री गजेन्द्र यादव को सौंप दिया गया है। वहीं तकनीकी शिक्षा व रोजगार विबाग विजय शर्मा से लेकर खुशवंत साहेब को सौंपा गया है।

मुख्यमंत्री साय ने विश्वास व्यक्त किया कि नवनियुक्त मंत्रीगण अपनी समर्पित निष्ठा और कार्यकुशलता के साथ जनसेवा के लिए पूर्ण तत्परता से कार्य करेंगे और छत्तीसगढ़ राज्य को विकास और सुशासन की दिशा में नए आयाम प्रदान करेंगे. उन्होंने सभी मंत्रियों के उज्ज्वल कार्यकाल की मंगलकामना की और कहा कि राज्य सरकार सामूहिक सहयोग और प्रतिबद्धता के बल पर जनता की आकांक्षाओं की पूर्ति के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगी. बता दें कि राज्यपाल रमेन डेका ने आज सुबह 10:30 बजे राजभवन के छत्तीसगढ़ मण्डपम् में गजेन्द्र यादव, राजेश अग्रवाल एवं गुरू खुशवंत साहेब को मंत्री पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई. इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साव और विजय शर्मा, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, मंत्रीपरिषद के सदस्यगण, विधायकगण, जनप्रतिनिधिगण और वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे.



### अब मंत्रियों की संख्या 14 हुई

- शपथ लेने वाले 3 नए मंत्रियों को सीएम साय ने दी बधाई, कहा- जनता की सेवा कर रचेंगे विकास और सुशासन का सुनहरा अध्याय

### नए मंत्रियों के विभागों का बंटवारा

| | | |
|---|---|---|
| गजेंद्र यादव | - | स्कूल शिक्षा, ग्रामीण उद्योग, विधि एवं विधायी कार्य |
| गुरु खुशवंत साहेब | - | कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार, अनुसूचित जाति विकास विभाग |
| राजेश अग्रवाल | - | पर्यटन, संस्कृति, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग |

## सड़क में गिरी आकाशीय बिजली, चपेट में आई 6 महिलाओं में से 2 की मौत



**बिलासपुर,** 20 अगस्त (हाईवे चैनल)। गरज-चमक के साथ झमाझम बारिश हुई। इस दौरान 6 महिलाएं आकाशीय बिजली की चपेट में आ गईं। जिससे 2 महिलाओं की मौत हो गई। जबकि, 4 महिलाओं को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

महिलाएं खेत से काम कर लौट रही थी, तभी यह हादसा हुआ। घटना बिल्हा थाना क्षेत्र की है। दरअसल, कल शाम को अचानक मौसम का मिजाज बदल गया। जिसके बाद करीब 5 बजे के बाद आसमान में काली घटाएं छा गई। फिर आसमान में जोरदार गर्जना होने लगी और बारिश शुरू हो गई। इस दौरान बिल्हा के ग्राम कुंआपाली निवासी सौम्या नेती (33), सुरेखा नेती (45) समेत 6 महिलाओं खेत में काम करने गईं थीं। गरज-चमक के साथ बारिश होते देख कर सभी महिलाएं घर लौटने लगी। महिलाएं रास्ते में ही थी, तभी जोरदार गर्जना होने के साथ आकाशीय बिजली गिरी। इससे सौम्या और सुरेखा की मौके पर ही मौत हो गई। उनके पीछे चल रहीं दरसबाई कोर्राम, गीताबाई गोड़, कुंवरमति, पार्वती यादव इस घटना में घायल हो गईं। इसकी जानकारी मिलते गांव के लोग और पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया। साथ ही दोनों शव का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले में मर्ग कायम कर जांच कर रही है।

## ब्रेकिंग न्यूज

### सुबह-सुबह हुआ भीषण हादसा, केमिकल टैंकर में धमाका

**नई दिल्ली,** 20 अगस्त (न्यूज चैनल)। मथुरा में जयपुर-बरेली नेशनल हाईवे पर आज तड़के एक बड़ा हादसा हो गया। गांव मनोहरपुर के पास एक केमिकल टैंकर अनियंत्रित होकर पलट गया जिसके बाद उसमें भयानक आग लग गई। इस आग को बुझाने के दौरान दो दमकलकर्मी घायल हो गए और एक टैंक में विस्फोट होने से हालात और भी गंभीर हो गए। यह हादसा सुबह करीब 4 बजे हुआ। खबर मिलते ही दमकल विभाग की पांच गाड़ियां और रिफाइनरी की टीमें मौके पर पहुंचीं। आग इतनी तेज़ थी कि उसे काबू पाना मुश्किल हो रहा था। आग बुझाने की कोशिश में मांट फायर स्टेशन ऑफिसर किशन सिंह और फायरमैन शाकिर झुलस गए। दोनों को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उनकी हालत अब स्थिर बताई जा रही है। दमकल अधिकारियों के अनुसार टैंकर में कुल चार टैंक थे जिनमें से एक में विस्फोट हो चुका है। बाकी तीन टैंकों में भी धमाके का खतरा बना हुआ है जिससे बचाव कार्य में बहुत सावधानी बरती जा रही है। मौके पर मौजूद लोगों का कहना है कि टैंकर पलटने और विस्फोट की आवाज़ कई किलोमीटर दूर तक सुनाई दी जिससे आसपास के गांवों में दहशत फैल गई।

### टैरिफ हो या बड़ा प्रतिबंध नहीं टूटेगी ये दोस्ती

**नई दिल्ली,** 20 अगस्त (न्यूज चैनल)। अमेरिका बार-बार भारत को धमका रहा है कि रूस से तेल मत लो वरना टैरिफ और प्रतिबंध झेलो। लेकिन रूस की धरती से भारत का पहला बयान आ गया है और अमेरिका को करारा जवाब मिल गया है। भारत के राजदूत विनय कुमार ने साफ साफ कहा कि टैरिफ हो या प्रतिबंध भारत-रूस की दोस्ती को कोई नहीं तोड़ सकता है। दरअसल, ये तो सभी को पता है कि अमेरिका ने भारत को चेतावनी दी कि रूस से तेल लेना बंद करो। इतना ही नहीं अमेरिका ने भारत से आने वाले कई प्रोडक्ट पर 25 प्रतिशत का सेकेंडरी टैरिफ भी लगा दिया। डोनाल्ड ट्रंप के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो ने बीते दिन ही कहा है कि अगर भारत रणनीतिक साझेदार है तो उसे रूस से तेल नहीं लेना चाहिए। अमेरिका बार बार भारत पर आरोप लगा रहा है कि भारत रूस से सस्ता तेल लेकर उसे फाइनेंस कर रहा है।




चूहा- सुनती हो, प्रदेश में तीन नए मंत्री बन गए पर किसी मंत्री की छुट्‌टी नहीं हुई।
चुहिया- हां जी, हमारे यहां सभी मंत्री हुनरमंद हैं।

## डॉ रमन सिंह बनाए जा सकते हैं महाराष्ट्र के राज्यपाल



### अमर अग्रवाल को मिल सकती है छग विधानसभा अध्यक्ष की जिम्मेदारी!

**रायपुर,** 20 अगस्त (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ में कैबिनेट विस्तार को लेकर सस्पेंस खत्म हो गया है। छत्तीसगढ़ के तीन विधायकों को बुधवार को मंत्री पद की शपथ दिलाई जाएगी। वहीं इन दिनों मंत्रिमंडल विस्तार के खींचतान के बीच बड़ी खबर सामने आ रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल को छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है। वहीं, प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री, राष्ट्रीय भाजपा उपाध्यक्ष और छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को महाराष्ट्र का राज्यपाल बनाए जाने की चर्चाएं हो रही है। इस खबर से राजनीतिक हलचल है। इसे इस तरह देखा जा सकता है कि मंत्रिमंडल विस्तार में हो रही देरी और अंतर्कलह को देखते हुए हाईकमान बड़े नेताओं को बड़ी और नई जिम्मेदारियां सौंपकर पार्टी में संतुलन बनाने प्रयास कर रही है।

## जीएसटी की टैक्स चोरी का खुलासा दस्तावेजों को खंगालने में लगी टीम




**रायपुर,** 20 अगस्त (हाईवे चैनल)। स्टेट जीएसटी की कार्रवाई को लेकर एक नई जानकारी सामने आई है. अब तक खबर थी कि 2 आरोपियों को हिरासत में लिया गया है, लेकिन अब अधिकृत सूत्रों ने इस बात की पुष्टि की है कि टीम ने केवल एक आरोपी अंकित सिंह को हिरासत में लिया है.

उच्च पदस्थ सूत्रों ने लल्लूराम डॉट कॉम को बताया कि आरोपी अंकित सिंह तीन फर्म में डायरेक्टर है. जिसमें महावीर मोल्ड, पशुपति लोहा और जय बजरंग. जीएसटी की प्रारंभिक जांच में करीब 20,0000,000 (20 करोड़) रुपए की टैक्स चोरी की बात सामने आई है. हालांकि ये केवल एक-ड़ेढ़ साल के दस्तावेजों से टैक्स चोरी पकड़ी गई है और दस्तावेज खंगालने पर ये टैक्स चोरी 50 करोड़ रुपए से ऊपर जाने की उम्मीद जताई जा रही है. आरोपी मिनी स्टील प्लांट एसोसिएशन का पूर्व पदाधिकारी भी रह चुका है. वहीं टीम ये भी जानकारी खंगालने में लगी हुई है कि उक्त परिवार के सदस्य किसी और फर्म में डायरेक्टर तो नहीं, जहां टैक्स चोरी का ऐसा खेल खेला गया हो ?

## सीपी राधाकृष्णन ने उपराष्ट्रपति पद के लिए किया नामांकन, पीएम मोदी बने प्रस्तावक



**नई दिल्ली,** 20 अगस्त (न्यूज चैनल)। उपराष्ट्रपति पद के लिए एनडीए उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन ने अपना नामांकन दाखिल कर दिया है। इस दौरान उनके साथ पीएम मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ, गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू, केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी के साथ-साथ भाजपा और एनडीए के तमाम नेता भी मौजूद रहे।

जानकारी के मुताबिक, पीएम मोदी ने रिटर्निंग ऑफिसर को नामांकन पत्रों के 4 सेट सौंपे हैं। नामांकन पत्रों के इन चार सेटों में पीएम मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह और जदयू नेता राजीव रंजन सिंह मुख्य प्रस्तावक हैं।

### अमित शाह ने लोकसभा में पेश किया गिरफ्तार पीएम-सीएम को हटाने वाला बिल, विपक्ष ने जमकर किया विरोध

**नई दिल्ली,** 20 अगस्त (न्यूज चैनल)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को लोकसभा में विवादास्पद विधेयक पेश किया, जिसमें प्रस्ताव है कि यदि किसी मौजूदा मंत्री, मुख्यमंत्री या यहां तक कि प्रधानमंत्री को पांच साल या उससे अधिक की जेल की सजा वाले अपराध के लिए लगातार 30 दिनों तक गिरफ्तार या हिरासत में रखा जाता है, तो उन्हें एक महीने के भीतर अपना पद गंवाना पड़ सकता है। अमित शाह ने लोकसभा में संविधान (एक सौ तीसवां संशोधन) विधेयक, 2025, केंद्र शासित प्रदेश सरकार (संशोधन) विधेयक, 2025, जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2025 पेश किए। हालांकि, इस दौरान विपक्ष का जोरदार हंगामा जारी रहा।

### ट्रंप ने चंद घंटों में ही जेलेंस्की से वादा तोड़ा, रूस के खिलाफ सैन्य मदद से इंकार, कहा-समझौता करो बस



**नई दिल्ली,** 20 अगस्त (न्यूज चैनल)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बड़ा यू-टर्न लेते हुए साफ कर दिया है कि अमेरिका रूस के खिलाफ यूक्रेन की रक्षा में सैनिक नहीं भेजेगा। यह बयान तब आया है जब एक दिन पहले उन्होंने सैनिक भेजने की संभावना से इंकार नहीं किया था।ट्रंप ने साथ ही कहा कि यूक्रेन का नाटो में शामिल होना असंभव है और रूस से क्रीमिया वापस लेना नामुमकिन इसलिए समझौता करना ही बेहतर है।राजनीतिक हलकों में इसे शांति वार्ता की तैयारी और रणनीतिक दबाव का हिस्सा माना जा रहा है। ट्रंप ने मंगलवार को कहा कि रूस के खिलाफ यूक्रेन की रक्षा में मदद के लिए अमेरिकी सैनिक नहीं भेजे जाएंगे। नाटो और क्रीमिया पर ट्रंप कहा कि यदि शांति समझौता होना है तो यूक्रेन को इन दोनों आकांक्षाओं को छोड़ना होगा। पिछले हफ्ते अलास्का में ट्रंप ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की थी। अब ट्रंप ने संकेत दिया है कि पुतिन और यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की की आमने-सामने बैठक की तैयारी शुरू हो गई है। यह बैठक अगले दो हफ्तों में हो सकती है। जर्मन चांसलर ने कहा कि पुतिन को बैठक के लिए राजी करने का श्रेय ट्रंप को जाता है। सोमवार को ट्रंप ने व्हाइट हाउस में जेलेंस्की और यूरोपीय नेताओं से घंटों बातचीत की। इसके बाद उन्होंने पुतिन से फोन पर लगभग 40 मिनट बातचीत की और सीधी वार्ता जारी रखने पर सहमति जताई। रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि बैठक की तैयारी "बेहद सावधानी" से की जानी चाहिए। बता दें कि बुधवार को नाटो नेताओं की बैठक लाई गई है ताकि यूक्रेन के हालात पर चर्चा हो सके।

# दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को युवक ने मारा थप्पड़



### भाजपा ने जताई कड़ी नाराज़गी

**नई दिल्ली,** 20 अगस्त (न्यूज चैनल)।दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर बुधवार को जनसुनवाई के दौरान हमले की कोशिश का सनसनीखेज मामला सामने आया है। कार्यक्रम के दौरान मौजूद एक युवक ने अचानक मंच पर चढ़कर मुख्यमंत्री को थप्पड़ मार दिया। इस घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सुरक्षाकर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी युवक को वहीं पर दबोच लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। जानकारी के मुताबिक, आरोपी एक शिकायत पत्र लेकर मुख्यमंत्री आवास पहुंचा था। वह पहले उस पत्र को हवा में लहराते हुए तेज आवाज में कुछ कहने लगा, और देखते ही देखते मंच की ओर बढ़ा। जब तक सुरक्षा कर्मी कुछ समझ पाते, उसने मुख्यमंत्री के करीब पहुंचकर थप्पड़ मार दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हमलावर ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का हाथ पकड़ने की भी कोशिश की। हमलावर की पहचान राजेश खिमजी सकरिया के रूप में हुई है। शख्स की उम्र 40 साल बताई जा रही है और वह राजकोट से दिल्ली आया था। पुलिस उसे सिविल लाइंस थाने ले जाकर पूछताछ कर रही है। घटना के बाद मुख्यमंत्री को कुछ देर के लिए भीतर ले जाया गया। उन्हें मामूली चोटें आई हैं लेकिन उनकी स्थिति सुरक्षित और स्थिर बताई जा रही है। इस घटना को लेकर दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इसे लोकतंत्र पर हमला बताते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जा सकता। सचदेवा ने इस पूरे प्रकरण की जांच और दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने घटना को %बेहद दुर्भाग्यपूर्ण% बताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री किसी एक पार्टी की नहीं, बल्कि पूरी दिल्ली का नेतृत्व करती हैं। उन पर इस तरह का हमला न सिर्फ लोकतंत्र के लिए शर्मनाक है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि महिला सुरक्षा की स्थिति कितनी कमजोर है।

जब मुख्यमंत्री ही सुरक्षित नहीं हैं, तो आम महिलाएं कैसे सुरक्षित रह सकती हैं? उन्होंने दिल्ली की कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह घटना प्रशासन और पुलिस की बड़ी विफलता को उजागर करती है।

CMYK